आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 28.10.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को डिजिटल धोखाधड़ी के प्रति आगाह किया।
- द्वीपसमूह में आज से सर्तकता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है।
- आज विश्व एनिमेशन दिवस है।
- भारतीय स्टेट बैंक की आर सेती की ओर से आयोजित दस दिवसीय पाठ्यक्रम का समापन हो गया है।
- राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी कॉलेज, मायाबंदर में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटल अरेस्ट के बारे चिंता व्यक्त की है। प्रधानमंत्री ने कल आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कहा कि कानूनन किसी को भी डिजिटली अरेस्ट नहीं किया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि डिजिटल अरेस्ट के नाम पर की जा रही धोखाधडी को रोकने के लिए सभी जांच एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं।

प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान एक पीड़ित और एक जालसाज के बीच हुई बातचीत को भी सुनाया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे ऐसे फर्जी कॉल आने पर भयभीत न हों। प्रधानमंत्री ने डिजिटल सुरक्षा के लिए तीन उपायों की चर्चा की।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में आज से सर्तकता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। तीन नवम्बर तक चलने वाले इस सप्ताह का उद्देश्य सुशासन का असरदार तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। आम जनता से अनुरोध किया गया है कि वे सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ किसी भी तरह की भ्रष्टाचार से जुडी जानकारियां पुलिस अधीक्षक, उप–पुलिस अधीक्षक, थानाप्रभारी या भ्रष्टाचार रोधी इकाई में मोबाइल या फोन के जरिए दे सकते है। जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि सत्य निष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि सम्भव है। भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए सभी से सहयोग की कामना की गई है।

<><><><><><><>

आज विश्व एनिमेशन दिवस है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एनिमेशन की दुनिया में नई क्रांति की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भारत को एनिमेशन की दुनिया की वैश्विक शक्ति बनाने का संकल्प लें। श्री मोदी ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि छोटा भीम, ढोलक पुर का ढोल, कृष्णा, हनुमान और मोटू–पतलू के प्रशंसक दुनिया भर में मौजूद हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में गेमिंग की दुनिया का लगातार विस्तार हो रहा है और भारतीय खेल दुनिया भर में लोकप्रिय हो रहे हैं। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि भारतीय प्रतिभाएं वैश्विक स्तर पर भी गेमिंग में महत्वपूर्ण योगदान कर रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब एनिमेशन ऐसा उद्योग बन गया है जो अन्य उद्योगों को भी ताकत दे रहा है और वी आर टूरिज्म इसका एक उदाहरण है।

<><><><><><><>

भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के अंतर्गत पच्चीस राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह की महिला प्रशिक्षुओं ने दस दिवसीय फास्ट फूड स्टॉल उद्यमी पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है, समापन समारोह में बैंक के आर.एस.ई.टी.आई. के निदेशक ने फास्ट फूड उद्यमी में जानकारी और ज्ञान प्राप्त करने के लिए आगे आने के लिए प्रशिक्षुओं की सराहना की और प्रशिक्षुओं को आश्वासन भी दिया कि यदि वे अपना खुद का व्यवसाय स्थापित करना चाहते हैं, तो बैंक द्वारा उन्हें अपेक्षित ऋण दिया जाएगा।

<><><><><><><>

रामकृष्णपुर ग्राम पंचायत के नव–निर्वाचित प्रधान को शपथ दिलाने के लिए आज कार्यक्रम आयोजित किया गया है। आज शाम तीन बजे रामकृष्णपुर के पंचायत हॉल में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित होगा।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय ने डॉ. आर.पी. अस्पताल, मायाबंदर के सहयोग से महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के बीच आयुर्वेदिक औषधीय पौधों की प्रदर्शनी–सह–प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें औषधीय पौधों की एक प्रभावशाली श्रृंखला और द्वीप समूह में उपलब्ध औषधीय पौधों के पारंपरिक उपयोग को प्रदर्शित किया गया। कुल मिलाकर, महाविद्यालय के सत्तर विद्यार्थियों ने विभागवार और व्यक्तिगत रूप से भाग लिया और स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सभी प्रकार के औषधीय पौधों को प्रदर्शित किया।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. बी. प्रभुराम, डॉ. प्रियंका इकबाल ने अपनी चिकित्सा टीम के साथ प्रदर्शनी का दौरा किया और विद्यार्थियों से उनके द्वारा प्रदर्शित पौधों के औषधीय मूल्यों के बारे में बातचीत की। इस कार्यक्रम ने एक मूल्यवान शैक्षिक अनुभव प्रदान किया, जिससे आयुर्वेदिक प्रथाओं के बारे में जागरूकता बढ़ी।

<><><><><><><>

केन्द्र सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना– मनरेगा में इस वर्ष की पहली छमाही में सोलह प्रतिशत की गिरावट की मीडिया की खबरों को गलत बताया है। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने कहा है कि मनरेगा योजना एक मांग आधारित योजना है और वित्त वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस अभी भी जारी है। दो हजार चौदह–पन्द्रह से दो हजार चौबीस–पच्चीस के बीच कुल दो हजार नौ सौ तेईस करोड श्रमिक दिन सृजित हुए। वहीं दो हजार छह–सात से दो हजार तेरह–चौदह के बीच सिर्फ एक हजार छह सौ साठ करोड श्रमिक दिन सृजित हुए थे।

<><><><><><><>

<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देशवासियों को डिजीटल अरेस्ट के नाम पर हो रही धोखाधडी के प्रति जागरूक करने के समाचार को द्वीप समाचार ने आज अपनी बडी खबर बनाया है। आयुर्वेद दिवस कल मनाया जाएगा। डेढ़ सौ देशों में इसका आयोजन होगा– डेली टेलीग्राम्स की बडी खबर हैं। एजेन्सियों के बीच बेहतर तालमेल बैठाने के लिए तटीय सुरक्षा पर आयोजित सागर कवच अभ्यास का सम्पन्न होने और अभ्यास के दौरान एजेन्सियों के बीच बेतहर तालमेल स्थापित करने के समाचार को अण्डमान क्रोनिकल ने आज अपनी बडी खबर बनाया है। दिव्यांगजनों के लिए जांच शिविर और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होने के समाचार को अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेंजी ने पहले पन्ने के निचले भाग में जगह दी है, जबकि पुलिस द्वारा अवैध रूप से वन्यप्राणियों का कारोबार करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार करने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया में जगह मिली है।

<><><><><><><>